Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَإِذَا صُرِفَتْ أَبْصَارُهُمْ
تِلْقَاءَ أَصْحٰبِ النَّارِ قَالُوْا
رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا مَعَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ

(सूरः आराफ़ : 48)

अनुवाद : और जब उनकी निगाहें अग्नि गामियों की ओर फेरी जाएँगी तो वे कहेंगे हे हमारे रब हमें ज़ालिम लोगों में से न बनाना।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 34-35

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

26 मोहर्रम- 4 सफ़र 1444 हिज्री कमरी, 25 ज़हूर- 1तबूक 1401 हिज्री शम्सी, 25 अगस्त 1-सितम्बर 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने शराब का व्यापार भी हराम क़रार दिया

(2083) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया लोगों पर एक ऐसा ज़माना ज़रूर आएगा कि आदमी माल लेने में इस की परवाह नहीं करेगा कि वह हलाल से है, या हराम से।

(2084) हज़रत आईशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है, उन्होंने कहा जब सूरः बक़रा की आख़िरी आयतें नाज़िल हुईं नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मस्जिद में पढ़ कर उन्हें सुनाई और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने शराब का व्यापार भी हराम क़रार दिया।

हज़रत ख़बाब रज़ियल्लाहु अन्हु का ईमान और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की साबित क़दमी

(2091) हज़रत ख़बाब रज़ियल्लाहु अन्हु (बिन अर्त) से रिवायत है कि मैं ज़माना-ए-जाहेलीयत में लोहारे का काम करता था और आस बिन वायल के ज़िम्मा मेरा क़र्ज़ था। मैं उसके पास क़र्ज़ का तक़ाज़ा करने के लिए गया। उसने कहा मैं उस वक़्त तक तुम्हें नहीं दूंगा जब तक कि तू मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का इनकार न करे। मैंने कहा अल्लाह तुझे मार कर ज़िंदा कर दे तो भी मैं इंकार नहीं करूँगा। उसने कहा अच्छा। उस समय तक मुझे रहने दो कि मैं मर जाऊं और फिर ज़िंदा किया जाऊं। तब जो माल और औलाद मुझे (वहां) मिलेगी। मैं (उस से) तेरा क़र्ज़ अदा करदूंगा।

(बुख़ारी,भाग 4, किताबुल बियू, मुद्रित 2008 क़ादियान)

★ ★ ★

काश दुनिया को मालूम होता कि रूह की लज़्ज़त किस चीज़ में है और फिर वह मालूम करती कि वह क़ुरआन शरीफ़ और केवल क़ुरआन शरीफ़ में मौजूद है

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

मैं देखता हूँ कि इस वक़्त दुनिया की तवज्जा अस्थाई ज्ञान की तरफ़ बहुत झुकी हुई है और मग़रिबी रोशनी ने संसार को अपनी नई ईजादों और उद्योगों से हैरान कर रखा है। मुस्लमानों ने भी अगर अपनी सफ़लता और बेहतरी की कोई राह सोची, तो बदक़िस्मती से यह सोची है कि वे मग़रिब के रहने वालों को अपना इमाम बना लें और यूरोप के अनुकरण पर गर्व करें। यह तो नई रोशनी के मुस्लमानों का हाल है जो लोग पुराने फ़ैशन के मुस्लमान कहलाते हैं और अपने आपको धर्म के समर्थक समझते हैं, उनकी सारी उम्र की मेहनत का ख़ुलासा और सारांश यह है कि केवल व्याकरण के झगड़ों और उलझाव में फंसे हुए हैं और ज़ालीन के शब्द पर मर मिटे हैं। क़ुरआन शरीफ़ की तरफ़ बिल्कुल तवज्जा ही नहीं और हो क्योंकर जबकि वे नफ़्स की पवित्रता की ओर मुतवज्जा नहीं होते।

हाँ अगर एक गिरोह ऐसा भी है जो तज़किया नफ़्स के दावे करता है, वे सूफ़ियों और सज्जादा नशीनों का गिरोह है, परन्तु उन लोगों ने क़ुरआन शरीफ़ को तो छोड़ दिया है और अपने ही तरीक़ धारण कर लिए हैं। कोई चिल्ला कशियाँ करता है। कोई لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ के नारे मारता है। कोई साक्ष्य के इंकार, तवज्जा, हब्स दम इत्यादि में ग्रस्त है। उद्देश्य ऐसे तरीक़ निकाले हैं जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से साबित नहीं होते और न क़ुरआन शरीफ़ का यह उद्देश्य है और न कभी नबुव्वत ने ऐसे तरीक़ों को पसंद किया। उद्देश्य यह याद रखना चाहिए कि जब तक इन्सान एक पाक तबदीली नहीं करता और नफ़्स का तज़किया नहीं करता, क़ुरआन शरीफ़ के मआरिफ़ और ख़ूबियों पर इत्तिला नहीं मिलती। क़ुरआन शरीफ़ में वे नुकात और हक़ायक़ हैं जो रूह की प्यास को बुझा देते हैं।

काश दुनिया को मालूम होता कि रूह की लज़्ज़त किस चीज़ में है और फिर वह मालूम करती कि वह क़ुरआन शरीफ़ और सिर्फ क़ुरआन शरीफ़ में मौजूद है।

(मलफ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 385 मुद्रित क़ादियान 2018 ई.)

★ ★ ★

मु'आहदात (शपथपूर्वक की हुई प्रतिज्ञा) की पाबंदी क़ौमी एकता के क़ियाम के लिए अशद ज़रूरी होती है

अतः चाहिए कि इन्सान जिस तरह भी हो सके अपने वादों को पूरा करे ताकि विश्वास क़ायम हो और लोग प्रसन्नता और रुचिपूर्वक एक दूसरे की इमदाद के लिए तैयार हों और क़ौम तरक़्क़ी कर सके

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः नहल आयत : 93

وَلَا تَكُوْنُوْا كَالَّتِيْ نَقَضَتْ غَزْلَهَا مِنْۢ بَعْدِ قُوَّةٍ
اَنْكَاثًا تَتَّخِذُوْنَ اَيْمَانَكُمْ دَخَلًۢا بَيْنَكُمْ اَنْ تَكُوْنَ
اُمَّةٌ هِيَ اَرْبٰى مِنْ اُمَّةٍ اِنَّمَا يَبْلُوْكُمُ اللّٰهُ بِهٖ
وَلَيُبَيِّنَنَّ لَكُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ مَا كُنْتُمْ فِيْهِ
تَخْتَلِفُوْنَ ○

तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

इस आयत को एक नया मज़मून भी क़रार दिया जा सकता है और पिछली आयत के मज़मून का तसलसुल भी क़रार दिया जा सकता है। यदि पहली आयत के मज़मून को ही जारी समझा जाए तो इसके अर्थ ये होंगे कि आपस के समझोतों को पूरी तरह से निभाओ । अगर तुम इन अहदों को तोड़ो गे तो ख़ुदा तआला ने जो तुम्हारी मज़बूत जमाअत बना दी है वह तबाह हो जाएगी और आपस का एतबार जाता रहेगा।

मुआहिदात की पाबंदी क़ौमी इत्तेहाद के क़ियाम के लिए अशद ज़रूरी होती है क्योंकि जमाअत का क़ियाम एक दूसरे से हुस्न-ए-सुलूक पर मबनी होता है और हुस्न-ए-सुलूक उस वक़्त तक रहता है जब तक लोग मुआहिदात की पाबंदी करें। जब लोग मुआहिदात पूरे न करें तो पहले बददिली और इसके बाद बदज़नी पैदा होजाती है और एक शख़्स के बुरे अमल के नतीजा में दूसरे सैंकड़ों आदमी क़ौमी निज़ाम के फ़वायद से वंचित रह जाते हैं। अतः चाहिए कि इन्सान जिस तरह भी हो सके अपने वादों को पूरा करे ताकि एतबार क़ायम हो और लोग प्रसन्नता और रुचिपूर्वक एक दूसरे की सहायता के लिए तैयार हों और क़ौम तरक़्क़ी कर सके।

इन्फ़िरादी अह्द के इलावा एक क़ौमी अह्द भी होता है अर्थात अफ़राद एक शख़्स के हाथ पर क़ौमी तरक़्क़ी के लिए अह्द करते हैं जिसका नाम ख़िलाफ़त है। वे अह्द भी इस के अंदर शामिल है और इस आयत में इस की तरफ़ भी इशारा पाया जाता है। फ़रमाता है कि ख़ुदा तआला ने तुम्हारी एक जमाअत बना दी है और एक निज़ाम क़ायम कर दिया है और

शेष पृष्ठ 11पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

जुमअःतुल मुबारक़ के दिन क़बूलियत-ए-दुआ की ख़ास घड़ी का कौन सा वक़्त है? जलसा सालाना यू.के 2019 ई. के आख़िरी दिन के ख़िताब में नमाज़ तरावीह में पूरा सिपारा पढ़ने के बजाय छोटी सूरतें पढ़ने के बारे में हुज़ूर अनवर के इरशाद के बारे में मज़ीद वज़ाहत

विधवा के सोग तथा बाक़ी लोगों के सोग वशेषता भाई की वफ़ात पर बहन के सोग के बारे में इस्लामी आदेश क्या हैं? क्या अकेली औरत हज पर जा सकती है?

एक मोमिन के लिए हमेशा भलाईयां ही आती हैं लेकिन दूसरी तरफ़ यह भी है कि यह दुनिया मोमिन के लिए जहन्नुम है। इस में कौन सी बात ठीक है? तथा यह कि क्या यह दरुस्त है कि अगर एक नमाज़ रह जाए तो पिछली चालीस साल की नमाज़ें ज़ाए हो जाती हैं?

मुरब्बियान सिलसिला किस तरह हुज़ूर अनवर के सुलताने नसीर बन सकते हैं?

सर्दीयों में तो इन्सान आसानी से तहज्जुद के लिए उठ सकता है लेकिन मुस्तक़िल तौर पर और उन देशों में गरमियों में इसकी आदत डालने का बेहतरीन तरीका क्या है?

देखने में आता है कि नौजवान नसल का ज़्यादा वक़्त बाहर के समाज के प्रभाव में गुज़रता है, उन्हें हम जमाअत के क़रीब कैसे ला सकते हैं?

कुछ दूसरी कौमें जो जमाअत में शामिल हो रही हैं, वे जमाअत के ज्ञान से तो बहुत प्रभावित होती हैं लेकिन जमाअती निज़ाम और विशेषता माली क़ुर्बानी में वे पूरी तरह शामिल नहीं हो पाते और मुक़ामी जमाअत के साथ भी उनके मज़बूत राबते नहीं हो पाते, इस बारे में हुज़ूर अनवर की ख़िदमत में राहनुमाई की दरख़ास्त है?

सय्यदना हज़रत अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह अल् ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर

(क़िस्त-20) भाग -2

प्रश्न : इसी मुलाक़ात में एक मुरब्बी साहिब ने अर्ज़ किया कि हुज़ूर ने शुरू में नमाज़ तहज्जुद का वर्णन फ़रमाया है। सर्दीयों में तो इन्सान आसानी से तहज्जुद के लिए उठ सकता है लेकिन मुस्तक़िल तौर पर और उन देशों में गरमियों में इस की आदत डालने का बेहतरीन ज़रीया क्या है? हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला ने इस प्रश्न के जवाब में फ़रमाया :

उत्तर : यह तो depend करता है कि कितना अल्लाह तआला से आपका ताल्लुक़ है। कितनी अल्लाह से मुहब्बत है। बाक़ी कामों के लिए वक़्त निकाल लेते हैं नाँ? अगर जर्मनी में रहते हुए रात को दस बजे इशा की नमाज़ होती है या साढ़े दस बजे होती है और सुबह ढाई बजे, पौने तीन बजे या तीन बजे होती है। (यहां बल्कि यू.के में इस से जल्दी सहरी हो जाती है। वहां फिर एक घंटा लेट सहरी होती है। आधा पोना घंटे का अंतर होता है। तो दो घंटे सोएँ, डेढ़ घंटा सोएँ। फिर उठके नमाज़ पढ़ें। इस के बाद नमाज़-ए-फ़ज्र के बाद फिर एक दो घंटे सो जाएं। यह तो अपना प्रोग्राम ख़ुद बनाना पड़ता है। अगर किसी काम के करने की दिल में तड़प हो तो सब रस्ते निकल आते हैं। जब जामिआ में आपके इमतेहान हो रहे होते थे और पढ़ने का शौक़ होता था तो रात को उठ के पढ़ते थे नाँ? या कोई फ़िक्र पैदा हुई हो तो तहज्जुद पढ़ते हैं नाँ? यह तो सोच की बात है। अगर आप सोच को इस तरह ढाल लेंगे कि मैंने यह काम करना है तो अल्लाह तआला मदद करता है। तो लोग तो रात को घंटा डेढ़ घंटा सोते हैं। इस के बाद उठ के तहज्जुद पढ़ लेते हैं। फिर सुबह नमाज़ फ़जर के बाद जब बाक़ी वक़्त हुआ सो गए। यह तो वक़्त निकालना पड़ता है। इस के बाद सारा दिन भी तो आपको मिल जाता है। दोपहर को नींद पूरी करने के लिए एक घंटा सो लिया करें। यह तो कोई ऐसा मसला नहीं है। जवानी में ही इबादत होती है जो होती है। आप तो नौजवान लोग हैं आप लोगों का ही वक़्त है। यही वक़्त है इस वक़्त से लाभ उठा लें। और इबादात का जितना हक़ अदा कर सकते हैं करने की कोशिश करें।

दर जवानी तौबा कर दिन शेवा-ए-पैग़ंबरी
वक़्त-ए-पीरी गर्ग ज़ालिम मी शवद परहेज़गार

प्रश्न: इसी मुलाक़ात में एक मुरब्बी साहिब ने हुज़ूर अनवर की ख़िदमत अक़्दस में अर्ज़ किया कि देखने में आता है कि नौजवान नसल का ज़्यादा वक़्त बाहर के समाज के अधीन गुज़रता है, उन्हें हम जमाअत के क़रीब कैसे ला सकते हैं? हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला ने इस प्रश्न के जवाब में फ़रमाया :

उत्तर : तो ठीक है नौजवान मुरब्बियान जो हैं यह उनका काम है। आप लोग यहीं पले हैं, यहीं बढ़े हैं, यहीं आप ने ग्रेजुएशन की है या जो भी तालीम हासिल की है, सैकण्डरी स्कूल की जो तालीम हासिल की या abitur किया या जो भी किया तो आप लोगों को इस माहौल का पता है। आप भी यहां रहते हैं। इसके मुताबिक़ देखें कि किस तरह उन लोगों की तर्बीयत कर सकते हैं। और इसी लिए मैं कहता हूँ कि द्सोतियाँ बनाएँ, इसी लिए ज़ेली तंज़ीमें भी हैं। ज़ेली तन्ज़ीमों का भी काम है कि अपने लड़कों को अपने साथा involve करें। और नौजवान मुरब्बियान जितने भी हैं उनका काम है कि उनकी मदद करें। इस तरह करेंगे तो इन शा अल्लाह तआला ठीक हो जाएगा। यह तो कोशिश है, ठीक है माहौल यह है। माहौल ही तो हमारे लिए चैलेंज है। इस माहौल में ही हमने उनके हालात के मुताबिक़ कोशिश करनी है। कोई नई चीज़ तो नहीं है, कोई नया फ़ार्मूला तो नहीं ऐसा बन जाएगा कि आप उसको अप्लाई करेंगे तो सारे लोगों की इस्लाह हो जाएगी और वे वलीउल्लाह बिन जाऐंगे, कोई नहीं बनेगा। न एक दिन में आप लोग अपने टार्गेट achieve कर सकते हैं। यह तो एक मुसलसल कोशिश है ताकि उनका जमाअत के अफ़राद के साथ ताल्लुक़ पैदा रहे और उनको यह एहसास होता रहे कि हाँ हमारी एक और ज़िम्मेदारी भी है कि जो हमने दीन को दुनिया पर मुक़द्दम रखने का अह्द किया हुआ है उसको भी हमने पूरा करना है। यह एहसास आहिस्ता-आहिस्ता दिलाते रहें। आपकी तन्ज़ीमों का अफ़राद जमाअत से या ज़ेली तन्ज़ीमों के मैंबरान जो हैं , ख़ुद्दाम से, लजना से, अंसार से, उनका जितना राबिता होगा, उतना ज़्यादा असर होगा। मुरब्बियान उनसे ताल्लुक़ रखने का अपने आपको जितना ज़्यादा वक़्त देंगे उतना ज़्यादा असर होगा। यह तो एक मुसलसल कोशिश है और यह जारी रखनी है। इस के लिए कोई hard and fast फ़ार्मूला नहीं बनाया जा सकता। हर एक के हालात के मुताबिक़, हर एक शख़्स की नफ़सियात के मुताबिक़ ये फ़ैसले करने होंगे। और आप नौजवान मुरब्बियान पर यही trust किया गया है कि आप लोग जो वहां के पढ़े लिखे हैं वे ज़्यादा बेहतर तौर पर यह तर्बीयत का काम कर सकते हैं। अगर आपकी अपनी तर्बीयत सही हो जाएगी और जैसा कि मैंने शुरू में कह दिया था कि ताल्लुक़ बिल्लाह पैदा हो जाएगा

शेष पृष्ठ 11 पर

ख़ुत्बः जुमअः

जंग ज़ात-ए-सलासिल में मुस्लमानों की फ़तह की एक बड़ी वजह हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की वह पालिसी भी थी जो उन्होंने इराक़ के काश्तकारों के बारे में स्वरूप की थी और जिस पर ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने सख़्ती से अमल किया था, इस पालिसी के तहत उन्होंने काश्तकारों से खुला विरोध नहीं किया

जहां-जहां वे आबाद थे उन्हें वहीं रहने दिया और टैक्स की मामूली रक़म के सिवा और किसी किस्म का तावान या टैक्स उनसे वसूल किया

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के बाबरकत दौर में बाग़ी मुर्तद होने वालों के ख़िलाफ़ होने वाली मुहिम्मात का वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 22 जुलाई 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

जैसा कि मैं ने पिछले जुमा में बताया था कि आज हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के दौर-ए-अखिलाफ़त्त में ईरानियों के ख़िलाफ़ कार्यवाईयों का वर्णन होगा। इस सिलसिला में एक जंग-जो हुई उसे जंग ज़ात-ए-सलासिल या जंग-ए-काज़मा कहते हैं। ये जंग मुहर्रमुल हराम 12 हिज्री में हुई। ये जंग तीन नामों से जानी जाती है। जंग ज़ात-ए-सलासिल, जंग-ए-काज़मा और जंग-ए-हफ़ीर। इस जंग को ज़ात-ए-सलासिल अर्थात ज़ंजीरों वाली जंग इसलिए कहा जाता है कि अरबी में सलासिल ज़ंजीर को कहते हैं जिसकी जमा सलासिल है। क्योंकि इस जंग में ईरानी फ़ौज ने अपने आपको एक दूसरे के साथ ज़ंजीरों में जकड़ लिया थाता कि कोई शख़्स जंग से भागने नहीं पाए। जंग ज़ात-ए-सलासिल की इस रिवायत को कुछ इतिहासकार स्वीकार नहीं करते। ये जंग मुस्लमानों और ईरानियों के मध्य काज़मः स्थान के क़रीब लड़ी गई थी इसलिए उसे जंग-ए-काज़मा के नाम से भी मौसूम करते हैं। काज़मा बस्रा से बेहरीन जाते हुए समुद्र सैफुल बहर पर एक बस्ती है।

(सीरत सय्यदना सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ उस्ताज़ उम्र अबू नसर पृष्ठ : 664)(माख़ूज़ अज़ कामिल फ़ील तारीख़, भाग 2 पृष्ठ 239 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2003 ई.)(अबू बकर सिद्दीक़-ए-अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु, अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल, अनुवादक शेख़ मुहम्मद अहमद पानीपति, पृष्ठ 272 इल्मो इरफ़ान पब्लिशरज़ लाहौर 2004 ई.)(मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 4, पृष्ठ 488)

हफ़ीर इलाक़ा में होने की वजह से इस जंग को जंग-ए-हफ़ीर भी कहा जाता है।

(अल् सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 127 मुसन्निफ़ा प्रोफ़ैसर अली मुहसिन सिद्दीक़ी)

मुस्लमानों की तरफ़ से इस जंग के सिपहसालार हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु थे और ईरानियों की जानिब से सिपहसालार का नाम हुरमज़ था। मुस्लमानों के लश्कर की संख्या अठारह हज़ार थी।

(तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ, 309 दारुल क़ुतुब इल्मिया, बेरूत 2012 ई.)

जैसा कि पिछले ख़ुतबात में वर्णन हो चुका है कि हुर्मुज़ ईरानियों की जानिब से इस इलाक़े का हाकिम था जो हसब-ओ-नसब और शरफ़ और इज़्ज़त में अक्सर उमरा-ए-ईरान से बढ़ा हुआ था। ईरानी सम्मानित लोगों की की आदत थी कि वे मामूली टोपियों के बजाय क़ीमती टोपियां पहनते थे और हसब-ओ-नसब और शरफ़-ओ-इज़्ज़त में जो शख़्स जिस मर्तबे का होता था उसी मुनासबत से क़ीमती टोपी पहनता था। सबसे बेशक़ीमत टोपी कहा जाता है कि एक लाख दिरहम की होती थी जिसे वही शख़्स पहन सकता था जो शरफ़-ओ-इज़्ज़त और सम्मान और प्रतिष्ठा में उच्च श्रेणी पर पहुंचा हुआ हो और हुर्मुज़ के मर्तबे का अंदाज़ा इस बात से हो सकता है कि उसकी टोपी की क़ीमत भी एक लाख दिरहम थी।

ईरानियों के नज़दीक तो इसकी वजाहत साबित थी लेकिन इराक़ की हदूद में बसने वाले अरबों में उसको नफ़रत की निगाह से देखा जाता था क्योंकि वे इन अरबों पर समस्त सरहदी उमरा से ज़्यादा सख़्ती और ज़ुलम करता था। अरबों की नफ़रत इस हद तक पहुंची हुई थी अर्थात ग़ैर मुस्लमान अरब जो थे कि वे किसी शख़्स की ख़बासत का वर्णन करते हुए हुर्मुज़ का नाम बतौर लोकोक्ति के लेने लगे थे। इसलिए कहते थे कि अमुक शख़्स तो हुर्मुज़ से भी ज़्यादा ख़बीस है। अमुक हुर्मुज़ से भी ज़्यादा बद फ़ितरत और बुरे आचरण वाला है। अमुक शख़्स हुर्मुज़ से भी ज़्यादा एहसान फ़रामोश है। और इसी वजह से हुर्मुज़ को अरबों के पै दर पै छापों और झड़पों का भी सामना करना पड़ता था और दूसरी तरफ़ हुर्मुज़ की झड़पें हिंदुस्तान के समुद्री लुटेरे से भी होती रहती थीं। (हज़रत अबू बकर सिद्दीक रज़ियल्लाहु अन्हु, हिज़्क़ील, अनुवादक, पृष्ठ 269-270)

बहरहाल हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने यमामा से रवानगी से पूर्व हुर्मुज़ को ख़त लिखा था। उन्होंने अपने ख़त में लिखा कि अम्मा बाद फ़रमांबर्दारी इख़्तेयार कर लो, तुम महफ़ूज़ रहोगे या अपनी और अपनी क़ौम के लिए हिफ़ाज़त की ज़मानत हासिल कर लो और टैक्स देने का इक़रार करो अन्यथा तुम अपने आपके सिवाए किसी और को निन्दा नहीं कर सकोगे।

मैं तुम्हारे मुक़ाबले के लिए ऐसी क़ौम को लाया हूँ जो मौत को यूं पसंद करती है जैसे तुम ज़िंदगी को पसंद करते हो।

(अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 309 दारुल क़ुतुब इल्मिया, बेरूत, 2012 ई.)

जब हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु का ख़त हुर्मुज़ के पास पहुंचा तो उसने किसरा के बादशा को इस की सूचना दी और अपनी फ़ौजें जमा कीं और एक तेज़ रो दस्ते को लेकर फ़ौरन हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु के मुक़ाबले के लिए काज़मा पहुंचा और अपने घोड़ों से आगे बढ़ गया परन्तु उसने इस रास्ते पर हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु को नहीं पाया और इस को यह इत्तिला मिली कि मुस्लमानों का लश्कर हफ़ीर में जमा हो रहा है। इसलिए पलट कर हफ़ीर की तरफ़ रवाना हुआ। हफ़ीर बस्रा से मक्का की तरफ़ जाते हुए पहली मंज़िल थी। वहां पहुंचते ही अपनी फ़ौज की सफ़-आराई की। हुर्मुज़ ने अपने दाएं बाएं दो भाईयों को निर्धारित किया। उनमें से एक का नाम क़ुबाज़ और दूसरे का नाम अनु शजान था। ईरानियों ने अपने आपको ज़ंजीरों में जकड़ लिया था। इस रिवायत में तो यही वर्णन हुआ है और यह कहा जाता है कि इस पर वे लोग जिनकी राय उसके ख़िलाफ़ थी जब उन्होंने यह मंज़र देखा तो कहा कि तुम लोगों ने दुश्मन के लिए ख़ुद ही अपने आपको ज़ंजीरों में जकड़ लिया है। ऐसा न करो। यह बुरा फ़ाल है। इस का उन्होंने जवाब दिया जो इस हक़ में थे कि ज़ंजीरों से जकड़ा जाए कि तुम्हारे विषय में हमें इत्तिला मिली है कि तुम भागने का इरादा रखते हो। जब हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को हुर्मुज़ के हफ़ीर पहुंचने की इत्तिला मिली तो आप अपने लश्कर को लेकर काज़मा की तरफ़ मुड़ गए।

हुर्मुज़ को इस का पता चल गया तो वह फ़ौरन काज़मा की तरफ़ रवाना हुआ और वहां पड़ाव किया। हुर्मुज़ और उसके लश्कर ने सफ़-आराई की और पानी पर उनका क़बज़ा था। जब हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु आए तो उनको ऐसे मुक़ाम पर उतरना पड़ा जहां पानी नहीं था। लोगों ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से उसकी शिकायत की। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के मुनादी ने ऐलान किया कि सब लोग उतर पढ़ें और सामान नीचे उतार लें और दुश्मन से पानी के लिए लड़ाई करें क्योंकि बख़ुदा पानी पर उसी जमाअत का क़बज़ा होगा जो दोनों गिरोहों में से ज़्यादा साबित-क़दम रहेगी और दोनों लश्करों में ज़्यादा मुअज़्ज़िज़ होगी। इस पर सामान उतार लिया गया। सवार फ़ौज अपनी जगह खड़ी रही। पैदल फ़ौज ने पेशक़दमी की और दुश्मन पर हमला-आवर हुई। दोनों तरफ़ लड़ाई शुरू हुई तो अल्लाह ने एक बदली भेजी। मुस्लमानों की सफ़ों के पीछे बारिश हुई। मुस्लमानों को इस से क़ुव्वत मिली। हुर्मुज़ ने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए एक साज़िश तैयार की। उसने अपने दिफ़ाई दस्ते से कहा कि मैं हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को मुबारिज़त की दावत देता हूँ और इस दौरान कि मैं उनको अपने साथ मसरूफ़ रखूँगा तुम लोग अचानक चुपके से हज़रत ख़ालिद पर हमला कर देना। इसके बाद हुर्मुज़ मैदान में निकला। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु आपने घोड़े से

उतर पड़े। हुर्मुज़ भी अपने घोड़े से उतरा और उसने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को मुक़ाबले की दावत दी। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु चल कर उसकी तरफ़ आए और दोनों में मुक़ाबला हुआ। दोनों तरफ़ से वार होने लगे। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने हुर्मुज़ को भींच लिया। इस पर हुर्मुज़ के दिफ़ाई दस्ते ने ख़ियानत से काम लेते हुए हज़रत ख़ालिद ऊपर हमला कर दिया और उन्हें घेरे में ले लिया। जब इस तरह एक एक की लड़ाई हो रही हो तो फिर दूसरे हमला नहीं करते लेकिन बहरहाल उनकी फ़ौज ने इन पर हमला कर दिया। इस के बावजूद हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने हुर्मुज़ का काम तमाम कर दिया।

हज़रत काका बिन अमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने जैसे ही ईरानियों की यह ख़ियानत देखी तो हुर्मुज़ के दिफ़ाई दस्ते पर हमला कर दिया और उन्हें घेरे में लेकर मौत की नींद सुला दिया। ईरानियों को शिकस्त फ़ाश हुई और वे भाग गए। भागने वालों में क़ुबाज़ और अनू शुजान भी थे। मुस्लमानों ने रात के अंधेरे में ईरानियों का पीछा किया और दरयाए फ़ुरात के बड़े पुल तक जहां आजकल बस्रा आबाद है उन्हें क़तल करते चले गए। जंग के इख़ततताम पर हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने माल-ए-ग़नीमत जमा किराया। इस में एक ऊंट के बोझ के बराबर ज़ंजीरें भी थीं। उनका वज़न एक हज़ार रतल था यानी ज़ंजीरों का तक़रीबन तीन सौ पचहत्तर किलो। जो माल-ए-ग़नीमत हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की तरफ़ भेजा गया इस में हुर्मुज़ की एक टोपी भी थी जिसकी क़ीमत एक लाख दिरहम थी और वह जवाहरात से लदी हुई थी। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह टोपी हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु को अता फ़र्मा दी थी। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़तह की ख़ुशख़बरी, माल-ए-ग़नीमत में से ख़ुमुस और एक हाथी मदीना रवाना किया और हर तरफ़ इस्लामी लश्कर की फ़तह का ऐलान कर दिया। ज़िर बिन कुलैब ख़ुमुस और हाथी को लेकर मदीना पहुंचे। अहल मदीना को इस से पूर्व हाथी देखने का कभी संयोग नहीं हुआ था। मदीना वालों का तो वर्णन ही किया, अरब के किसी और बाशिंदे ने भी अबराह के हाथियों के सिवा आज तक हाथी की सूरत नहीं देखी थी। जब लोगों को दिखाने के लिए इस को सारे शहर में गशत किराया गया तो बूढ़ी औरतें इस हाथी को देखकर बहुत आश्चर्यचकित हुईं और कहने लगीं जो हम देख रही हैं क्या यह ख़ुदा की तख़लीक़ में से है? वे ये समझें कि कोई बनावटी चीज़ है। इस हाथी को हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने ज़िर्र के साथ ही हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु के पास वापस भेज दिया।(अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 309 - 310 दारुल क़ुतुब इल्मिया, बेरूत, 2012 ई.) (सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ डाक्टर अली मोहम्मद सलाबी, पृष्ठ 405-404) (हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ हैकल, पृष्ठ 271 से 273) (मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 2, पृष्ठ 319-दारुल क़ुतुब इल्मिया , बेरूत, लुबनान)(लुगात हदीस ज़ेर लफ़्ज़ رَطْل, भाग 2, पृष्ठ 121)

इस जंग में मुस्लमानों की फ़तह की एक बड़ी वजह हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की वह पालिसी भी थी जो उन्होंने इराक़ के काश्तकारों के बारे में वज़ा की थी और जिस पर ख़ालिद ने सख़्ती से अमल किया था। इस पालिसी के तहत उन्होंने काश्तकारों से खुला विरोध नहीं किया। जहां-जहां वे आबाद थे उन्हें वहीं रहने दिया और टैक्स की मामूली रक़म के सिवा और किसी किस्म का तावान या टैक्स उनसे वसूल नहीं किया। (हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ मुहम्मद हैकल, पृष्ठ 272- अनुवादक शेख़ मुहम्मद अहमद पानी पत्ती इल्मो इरफ़ान पब्लिशरज़ लाहौर 2004 ई.)

मार्का ज़ातुस्स्लासिल में जंग में शामिल होने वाले सवार को एक हज़ार दिरहम का हिस्सा दिया गया और पैदल को इसका एक तिहाई दिया गया। (तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 311 दारुल क़ुतुब इल्मिया, बेरूत, 2012 ई.)

जंग काज़िमह लम्बे समय के परिणाम का हामिल साबित हुई।

इस लड़ाई ने मुस्लमानों की आँखें खोल दीं और उन्होंने देख लिया कि वे ईरानी जिनकी शान का शहरा एक अरसा से सुनने में आ रहा था अपनी पूरी ताक़त के बावजूद उनकी मामूली फ़ौज के मुक़ाबले में भी नहीं ठहर सके। इस जंग में माल-ए-ग़नीमत की जो मिक़दार उनके हाथ लगी उसका वह तसव्वुर भी नहीं कर सकते थे। (हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ मुहम्मद हैकल, पृष्ठ 272 अनुवादक शेख़ मुहम्मद अहमद पानीपती इल्मों इराफान पब्लिशरज़ लाहौर 2004 ई.)

फिर जंग उब्ल्लाह का वर्णन है जो बारह हिज्री में लड़ी गई। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को हिदायत की थी कि वह इराक़ में जंग का आग़ाज़ उब्ल्लाह से करें जो ख़लीज-ए-फारिस पर एक सरहदी मुक़ाम था। हिन्दुस्तान और सिंध को जो व्यापारी क़ाफ़िले इराक़ से आते थे सबसे पहले उबुल्लह में क़ियाम करते थे। उबुल्लह की फ़तह के सम्बन्ध में दो रिवायतें वर्णन हैं। एक यह कि मुस्लमानों ने उबुल्लह को सबसे पहले हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के अह्द में फ़तह किया लेकिन बाद में यह दुबारा ईरानियों के क़बज़ा में चला गया और हज़रत उम्र बिन ख़त्ताब के ज़माने में मुस्लमान इस पर पूरी तरह क़ाबिज़ हुए। दूसरी रिवायत यह है कि इस की फ़तह हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माने में हुई। (हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु हैकल, पृष्ठ 269)

बहरहाल अल्लामा तिब्री ने अपनी किताब में हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के दौर ख़िलाफ़त में इस जंग का संक्षिप्त वर्णन किया है जबकि उस के बाद वे यह लिखते हैं कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के दौर ख़िलाफ़त में उबुल्ला की फ़तह का क़िस्सा आम सीरत निगारों और सही रिवायत के ख़िलाफ़ है क्योंकि उबुल्ला की फ़तह हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में चौदह हिज्री में हज़रत उत्बा बिन ग़ज़वान के हाथ से अमल में आई थी। (तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2, पृष्ठ 310 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत, 2012 ई.)

तारीख़ की और किताबों में जंगे उबुल्लह का वर्णन इस तरह आया है। कुछ इतिहासकारों ने उसको पहली बार हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के अह्द मुबारक में होना वर्णन करते हैं और कुछ उसका खंडन करते हैं कि ये जंग हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के अह्द में नहीं बल्कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के अह्द में हुई थी लेकिन कुतुब तारीख़ में हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और दोनों के अह्द मुबारक में जंग उबुल्लह और उबुल्लह की फ़तह का वर्णन मिलता है। मालूम यह होता है कि उसकी पहली बार फ़तह हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के पवित्र समय में हुई थी लेकिन बाद में ईरानियों की बहरी इमदाद के बलबूते पर अहल-ए-उबुल्लह ने बग़ावत करके आज़ादी हासिल कर ली। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के अह्द मुबारक में ये दुबारा फ़तह हुआ। (अल् सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु , परोफ़ेसर अली मुहसिन पृष्ठ 128)

बहरहाल उबुल्ला की जंग की तफ़सील कुछ इस प्रकार है जंग ज़ाते सलासिल के अंत पर हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत मुसन्ना को ईरानियों के शिकस्त ख़ूर्दा लश्कर के पीछे भेजा और साथ ही हज़रत माकल रज़ियल्लाहु अन्हु को उबुल्लह भेजा कि वहां पहुंच कर माल-ए-ग़नीमत जमा कर लें और क़ैदियों को गिरफ़्तार कर लें। इसलिए माक़ल वहां से रवाना हो कर उबुल्लह पहुंचे और माल-ए-ग़नीमत और क़ैदी जमा कर लिए। (तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2, पृष्ठ 310)

बाद में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के अहद-ए-मुबारक में इस की फ़तह की तफ़सील कुछ इस प्रकार है कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अतबा बिन ग़ज़वान रज़ियल्लाहु अन्हु को चौदह या सोला हिज्री में बस्रा की तरफ़ रवाना फ़रमाया। हज़रत उत्बा रज़ियल्लाहु अन्हु वहां एक महीना रहे। अहले उबुल्ला उनके मुक़ाबले के लिए निकले। यह पाँच सौ अजमी सिपाही थे जो उबुल्ला की हिफ़ाज़त पर मामूर थे। हज़रत उत्बा रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन लोगों से लड़ाई की और उन्हें शिकस्त दी यहां तक कि ईरानी शहर के अंदर घुस गए और हज़रत उत्बा रज़ियल्लाहु अन्हु अपने लश्कर में लौट आए। अल्लाह ने फ़ारसियों के दिल में रोब डाल दिया, वे शहर से निकल गए और थोड़ा बहुत सामान लेकर कश्तियों में बैठे और दरिया पार करके चले गए। इस तरह पूरा शहर ख़ाली हो गया। मुस्लमान शहर में दाख़िल हो गए यहां पर मुस्लमानों को काफ़ी सामान हथियार और अन्य मुख़्तलिफ़ चीज़ें हाथ आएं और क़ैदी भी मिले। इस सारे सामान का पांचवा भाग निकाल कर बाक़ी माल-ए-ग़नीमत मुजाहेदीन में तक़सीम कर दिया गया। मुस्लमानों की संख्या तीन सौ थी।

(उद्धरित अल् कामिल फ़ील तारीख़, भाग 2 पृष्ठ 335 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2006 ई.)

फिर एक जंग मज़ादर है। जंग मज़ादर यह मार्का सिफ़र बारह हिज्री में हुआ। जंग बारह हिज्री में लड़ी गई।

(तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 311दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.)

मज़ार मेसार का क़स्बा है। मज़ार और बस्रा के मध्य चार दिन की मुसाफ़त के

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ
KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

बराबर दूरी है।

(मोअजमुल बुल्दान, भाग 5 पृष्ठ 104 मज़ार, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत, लुबनान)

इस वाक़िया के रोज़ लोगों की ज़बान पर यह फ़िक़रा था कि सफ़र का महीना आ गया है और इस में हर ज़ालिम सरकश क़तल होगा जहां दरिया इकट्ठे होते हैं। हुर्मुज़ ज़ातुल सलासिल की जंग में हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के मद्द-ए-मुक़ाबिल था उसने अपने बादशाह को मदद के लिए लिखा था। बादशाह ने इस की मदद के लिए कारिन की क़ियादत में एक लश्कर भेजा परन्तु वे लश्कर अभी मज़ार के मुक़ाम पर पहुंचा था कि इस को जंग ज़ाते सलासिल में हुर्मुज़ की शिकस्त की और उस के मारे जाने की सूचना मिली और साथ ही हुर्मुज़ की फ़ौज के शिकस्त खाए हुए दस्ते भी मज़ार में कारिन से आ मिले और उनमें से बाअज़ दस्तों के सिपाहियों ने दूसरे दस्तों के सिपाहियों से कहा कि अगर आज तुम मुतफ़र्रिक़ हो गए तो फिर कभी जमा नहीं हो सकोगे। इसलिए एक दम वापसी के लिए इकट्ठे हो जाओ। वे दौड़ी हुई फ़ौज जो थी वह भी और जो नई मदद आ रही थी या नई फ़ौज जो ईरान से आ रही थी दोनों मिल गए और दोनों ने एक दूसरे को इस बात पर जोश दिलाया कि जंग होनी चाहिए। जो दौड़े हुए थे उन्होंने कहा यह बादशाह की मदद पर मुश्तमिल नया लश्कर आ पहुंचा है। और यह उसका सिपहसालार कुअरिन हमारे साथ है मुम्किन है कि ख़ुदा हमें ग़लबा अता करे और हमारे दुश्मन से हमें निजात अता फ़रमाए और हम अपने नुक़्सानात की किसी क़दर भरपाई कर लें। इसलिए उन्होंने ऐसा ही किया और उन्होंने मज़ार में पड़ाव डाल दिया। कुअरिन ने पत्येक प्रथम दस्ते पर कुबाज़ और अनुशाजन को मुक़र्रर किया जो जंग ज़ात-ए-सलासिल में फ़रार हो गए थे। दूसरी तरफ़ दुश्मन की इस तैयारी की इत्तिला हज़रत मुसन्ना और हज़रत मुअन्ना ने हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु को भेज दी। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने कारिन की इत्तिला पाते ही मार्का ज़ात-ए-सलासिल में हासिल होने वाला माल-ए-ग़नीमत इन्ही मुजाहेदीन में तक़सीम कर दिया जिनको ख़ुदा ने वे माल-ए-ग़नीमत दिया था और ख़ुमुस में से मज़ीद जिस क़दर चाहा दिया और मार्क-ए-ज़ात-ए-सलासिल में हासिल होने वाला बाक़ी माल-ए-ग़नीमत और इस मार्के में जो फ़तह हुई थी उस की ख़ुशख़बरी हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में भिजवा दी और इस अमर से भी सूचित कर दिया कि मार्क-ए-ज़ात-ए-सलासिल में दुश्मनों की पराजय प्राप्त फ़ौज और कुअरिन की सरबराही में आने वाला नया लश्कर एक जगह जमा हो रहे हैं। इसलिए हज़रत ख़ालिद रवाना हुए और मज़ार में कारिन की फ़ौज के मुक़ाबले पर आए और अपनी फ़ौज की सफ़-आराई की। दोनों तरफ़ से मुक़ाबला हुआ। दोनों हरीफ़ों की निहायत ग़ैज़-ओ-ग़ज़ब की हालत में मुढ भेड़ हुई। कुअरिन् मुबारिज़ात के लिए मैदान में निकला। दूसरी तरफ़ से इस के मुक़ाबले के लिए हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत माक़ल बिन आशा आगे बढ़े। दोनों कारिन की तरफ़ लपके परन्तु हज़रत माकल रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु से पहले कारिन को जा लिया और उसे क़तल कर दिया। हज़रत आसिम रज़ियल्लाहु अन्हु ने अनु शाजान रज़ियल्लाहु अन्हु को और हज़रत अदी ने क़ुबाज़ को क़तल कर दिया। इन तीनों सरदारोँ के मारे जाने से ईरानी हौसला हार बैठे और मैदान छोड़ कर भागने लगे। इस जंग में अहले फ़ारस की बहुत बड़ी संख्या मारी गई और जो लोग पसपा हुए वे अपनी कश्तियों में सवार हो कर भागे। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने मज़ार में क़ियाम किया और हर मक़्तूल का सामान ख़ाह वह किसी क़ीमत का हो उसी मुजाहिद को अता किया जिसने उसे क़तल किया था और माल फै को भी उनमें तक़सीम किया तथा ख़ुमस में से उन लोगों को हिस्सा दिया जिन्हों ने नुमायां कारनामे सरअंजाम दिए थे और ख़ुमस के बाक़ी हिस्सा को एक वफ़द के साथ हज़रत सईद बिन नोमान की सरकर्दगी में मदीना रवाना कर दिया। एक रिवायत के मुताबिक़ इस जंग में तीस हज़ार ईरानी क़तल हुए और यह इनके इलावा हैं जो नहर में डूब कर मर गए और कहा जाता है कि अगर यह पानी रोक न होता तो उनमें से एक भी न बचता। फिर भी जो लोग बच कर भागे वे बहुत परागंदाहाल और अपना सब कुछ छोड़कर भागे। जंग के बाद लड़ाई में हिस्सा लेने वालों और ईरानी फ़ौज की हिमायत करने वालों को परिवार सहित के क़ैद कर लिया गया। इन क़ैदियों में अबुलहसन बस्री भी शामिल थे। अबुलहसन बस्री के बारे में कहा जाता है कि इमाम हसन बस्री के पिता थे जो कि बस्रा के मशहूर वक्ता और सूफ़ी थे, मुस्लमान हुए। कहा जाता है कि अबुलहसन बस्री को क़ैद करने के बाद मदीना लाया गया जहां उनकी मालिका ने उन्हें आज़ाद कर दिया था।(उद्धरित तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 312-311दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.)(माख़ूज़ अज़ उर्दू दायरा मआरिफ़ इस्लामिया, भाग 8 पृष्ठ 262)

इस फ़तह के बाद आम रियाया से बेहद नरमी का सुलूक किया गया। काश्तकारों और उन समस्त लोगों को बग़ैर किसी किस्म की तकलीफ़ पहुंचाए टैक्स की अदायगी पर आमादा कर दिया गया और उन्हें उनकी ज़मीनों और जगहों पर बरक़रार रखा गया। इन इबतिदाई उमूर से फ़राग़त हासिल करके हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने मफ़्तूहा इलाक़े के नज़म-ओ-नसक़ की तरफ़ तवज्जा की।

टैक्स वसूल करने के लिए जगह जगह उम्माल निर्धारित किए गए। मफ़्तूहा इलाक़े की हिफ़ाज़त के लिए उन्होंने हफ़ीर और जिस आज़म अर्थात सबसे बड़े पुल पर फ़ौजें निर्धारित कर रखी थीं, उनका इंतेज़ाम और बेहतर बनाया गया और फ़ौजों के समस्त दस्तों को मुख़्तलिफ़ अफ़िसरों के ज़ेर निगरानी देकर उन्हें दुश्मनों की ख़ुफ़ीया और ऐलानिया सरगर्मीयों से ख़बरदार रहने और मौक़ा पड़ने पर उनका मुक़ाबला करने का हुक्म दे दिया गया। ख़ालिद की जंगी महारत का सबूत इससे बढ़कर और क्या होगा कि सरज़मीन-ए-ईरान में उनकी पेशक़दमी के आग़ाज़ ही से किसरा की ताक़तवर फ़ौजें मग़लूब होनी शुरू हो गईं और उनके दम-ख़म, हौसले और वलवले सब ठन्डे पड़ गए।

जंग मज़ार हीरा से कुछ ही फ़ासले पर हुई थी। हीरा ख़लीज और मदायन के तक़रीबन दरमयान में स्थित है।

(हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल, पृष्ठ 275 अनुवादक शेख़ मुहम्मद अहमद पानी पती इलम और इरफ़ान पब्लिशरज़ लाहौर 2004 ई.)

इस जंग के बाद के मामलात से फ़ारिग़ होने के बाद हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु दशमन की नक़ल-ओ-हरकत की ख़बरों की जुस्तजू में लग गए।(तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 312 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.) ताकि देखें दुश्मन की क्या मूवमैंट है। वे दुबारा इस्लाम के ख़िलाफ़ इकट्ठे तो नहीं हो रहे?

वलज की जंग एक जंग है। वलज की जंग। सफ़र बारह हिज्री में हुई। वलजा कसकर के क़रीब ख़ुशकी का इलाक़ा है। जंग मज़ार में ईरानियों को जिस शर्मनाक शिकस्त का सामान करना पड़ा कि इस में उनके बड़े बड़े सरदार भी मारे गए थे। इस पर ईरानी शहनशाह ने एक और हिक्मत-ए-अमली तै करते हुए और ज़्यादा तैयारी के साथ मुस्लमानों का मुक़ाबला करने की मंसूबाबंदी की। इसलिए ईरानी हुकूमत ने इराक़ में बसने वाले ईसाईयों के एक बहुत बड़े क़बीला बकर बिन वायल के बड़े लोगों को दरबार-ए-ईरान में बुलाया और उनको मुस्लमानों के साथ लड़ने पर आमादा करके एक लश्कर तर्तीब दिया और इस लश्कर की क़ियादत एक मशहूर शहसवार उनके हाथ में दी और यह लश्कर वलजा की तरफ़ रवाना हो गया। इराक़ में ईसाईयों का एक बहुत बड़ा क़बीला बकर बिन वायल आबाद था। शहनशाह अर्दशीर ने उन्हें तलब किया और उनकी एक फ़ौज तैयार करके उन्हें मुस्लमानों से मारका-आराई के लिए वलजा की जानिब रवाना कर दिया। हीरा और कसकर के नवाही इलाक़ों के लोग और किसान भी इस लश्कर के साथ मिल गए। हीरा कूफ़ा से तीन मील जुनूब मग़रिब में एक शहर है। किसरा कूफ़ा और बस्रा के मध्य एक क़स्बा था। बहरहाल लेकिन इस ख़्याल से कि मुस्लमानों पर फ़त्हयाबी का फ़ख़र मुकम्मल तौर पर ईसाई अरबों के हिस्सा में न आए अपने एक बड़े सिपहसालार बहमन जाज़विया को भी एक भारी लश्कर के साथ उनके पीछे ही रवाना कर दिया। (तारीख़ तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 312 दारुल क़ुतुब इल्मिया 2012) (हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक, पृष्ठ : 287-288)

जब इस फ़ारसी सरदार को यह महसूस हुआ कि उनकी फ़ौज बहुत बड़ी हो गई है तो उसने हज़रत ख़ालिद बिन वलीद ऊपर हमला करने का फ़ैसला किया। जब हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु को फ़ारसी फ़ौज के वलजा में जमा होने की ख़बर मिली उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बसरा के क़रीब थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुनासिब समझा कि फ़ारसी फ़ौज पर तीन जिहात से हमला करें ताकि उनकी जमईयत मुंतशिर हो जाए और इस तरह अचानक हमले से फ़ारसी फ़ौज परेशानी का शिकार हो जाए।

(सय्यदना अबूबकर सिद्दीक़ अज़ डाक्टर अली मुहम्मद सलाबी पृष्ठ 406)

इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सुवैद बिन मुकर्रिन को क़ायमक़ाम

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

निर्धारित किया और उन्हें हफ़ीर में ही क़ियाम पज़ीर होने का हुक्म दिया और उन लोगों के पास पहुंचे जिनको दिजला के जरीन जानिब धोड़ा हुआ था। उनको हुक्म दिया कि दुश्मन से हरवक़त चूकने रहें और ग़फ़लत और फ़रेब में मुबतला न हों और अपनी फ़ौज को लेकर दजला की तरफ़ पेशक़दमी की और दुश्मन के लश्कर और उसकी मुआविन जमाअतों के मुक़ाबले पर उतरे और शदीद तरीन जंग हुई। हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़ौज के दोनों तरफ़ मुजाहिदीन के ज़रीया घात लगा रखी थी। आख़िरकार घात लगाए हुए दोनों दस्ते दोनों तरफ़ से दुश्मन पर हमला-आवर हुए। ईरानियों की फ़ौजें शिकस्त खा कर भागें परन्तु हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने सामने से और घात लगाए हुए दोनों दस्तों ने पीछे से उनको ऐसा घेरा कि वह बौखला गए यहां तक कि किसी को अपने साथी के क़तल की भी पर्वा न रही। दुश्मन फ़ौज का सिपहसालार हज़ीमतख़ुर्दा हो कर अंततः मारा गया। काश्तकारों के साथ हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने वही सुलूक किया जो उनका तरीक़ था अर्थात उनमें से किसी को क़तल नहीं किया। केवल जंगजू लोगों की औलाद और उनके सहयोगियों को गिरफ़्तार किया और आम बाशिंदगान देश को जुज़्य देने और ज़िम्मी बन जाने की दावत दी जिसको उन लोगों ने स्वीकार कर लिया।

(तारीख़ भाग 2, पृष्ठ 312 दारुल क़ुतुब इल्मिया 2012 ई.)

फिर जंग उल्लैस का वर्णन है। जंग उल्लैस माह सफ़र बारह हिज्री में हुई। उल्लैस भी इराक़ में उनकी बस्तियों में से एक बस्ती थी। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथों दलजा के दिन क़बीला बकर बिन वायल और ईरानियों को पहुंचने वाली एक और इबरतनाक शिकस्त से उनके हमक़ौम ईसाई ग़ज़बनाक हो गए। उन्होंने ईरानियों को और ईरानियों ने उनको पत्र लिखे और उलैस के मुक़ाम पर सब जमा हो गए। उनका सरदार अब्दुल असवद अजली निर्धारित हुआ। इसी तरह ईरानी बादशाह ने बहमन जाज़विया को ख़त लिखा कि तुम अपने लश्कर को लेकर उल्यस पहुँचो और फ़ारस और अरब के नसारा में से जो लोग वहां जमा हैं उनसे जा मिलो लेकिन बहमन जाज़विया ख़ुद तो लश्कर के साथ नहीं गया जवकि उसने अपनी जगह एक और नामवर बहादुर जाबान को रवाना किया और उसको हुक्म दिया कि लोगों के दिलों में जंग का जोश पैदा करो परन्तु मेरे आने तक दुश्मन से लड़ाई शुरू नहीं करना सिवाए इसके वह ख़ुद पहल करें। जाबान उल्लेस की तरफ़ रवाना हुआ। बहमन जाज्विया ख़ुद ईरानी बादशाह अर्द शीर के पास गयाता कि इस से मश्वरा करे परन्तु यहां आकर देखा कि बादशाह बीमार पड़ा है। इसलिए बहमन जाज़विया तो इस की तीमारदारी में लग गया और जाबान को कोई हिदायत नहीं भेजी। जाबान अकेला लश्कर के हमराह महाज़-ए-जंग की तरफ़ रवाना हो कर माह सफ़र में उलैस पहुंचा।(तारीख़ भाग 2 पृष्ठ 313 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान 2012 ई.)(मोजमुल बुल्दान, भाग 1, पृष्ठ 294 दारुल क़ुतुब इल्मिया, बेरूत)

मुख़्तलिफ़ क़बायल और हीरा के नवाही इलाक़ों के अरब ईसाई जाबान के पास जमा हो गए। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को जबान ईसाई गिरोहों के इकट्ठा होने की इत्तिला मिली तो आप उनके मुक़ाबले के लिए निकले परन्तु आपको मालूम नहीं था कि जाबान भी क़रीब आ गया है। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु केवल इन अरबों और ईसाईयों से लड़ने के इरादे से आए थे परन्तु उलैस में जाबान से सामना हो गया। जब जाबान उलैस पहुंचा तो उस अवसर पर अजमियों ने जाबान से पूछा कि आपकी क्या राय है। आया पहले हम उनकी ख़बर लें या लोगों को खाना खिला दें। अर्थात जंग शुरू करें या पहले खाना खा लें और फिर खाने से फ़ारिग़ हो कर उनसे जंग करें। जाबान ने कहा कि अगर दुश्मन तुमसे कोई तार्रुज़ न करें तो तुम भी ख़ामोश रहो लेकिन मेरा ख़्याल है कि वे तुम पर अचानक हमला करेंगे और तुम्हें खाना नहीं खाने देंगे। इन लोगों ने जाबान की बात नहीं मानी। दस्तर-ख़्वान बिछाए। खाना चुना गया और सबको बुला कर खाना खाने में मसरूफ़ हो गए।

(उद्धरित अल् कामिल फिल तारीख़, भाग 2 पृष्ठ 241दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत, 2006 ई.)

हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु दशमन के मुक़ाबिल पर पहुंच कर ठहर गए। सामान उतारने का हुक्म दिया। इस काम से फ़राग़त हुई तो दुश्मन की तरफ़ मुतवज्जा हुए। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने पीछे की हिफ़ाज़त के लिए मुहाफ़िज़ दस्ते मुक़र्रर किए और दुश्मन की सफ़ की तरफ़ बढ़कर ललकारते हुए कहा। अब कहाँ है? अब्दुल असवद कहाँ है? मालिक विन केस कहाँ है? मालिक के इलावा बाक़ी सब बुज़दिली की वजह से ख़ामोश रहे। मालिक आपके मुक़ाबले के लिए निकला। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने उस से कहा इन सब में से तुझे मेरे मुक़ाबिल पर आने की किस बात ने जुर्रत दिलाई है? तुझ में मेरा मुक़ाबला करने की ताक़त कहाँ यह कह कर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस पर वार किया और उसे क़तल कर दिया और अजमियों को पूर्व इस के कि वे कुछ खाएं, दस्तर ख़वान पर से उठा दिया। जाबान ने अपने लोगों से कहा क्या मैं ने तुमसे पहले नहीं कहा था कि खाना शुरू न करो। बख़ुदा मुझे किसी सिपहसालार से ऐसी दहश्त नहीं हुई है जैसी कि आज इस लड़ाई में हो रही है। जब वे लोग खाना खाने पर क़ादिर न हो सके तो अपनी बहादुरी जताने के लिए कहने लगे कि खाने को फ़िलहाल हम छोड़ देते हैं यहां तक कि हम मुस्लमानों से फ़ारिग़ हो लें फिर हम खाना खा लेंगे। जाबान ने कहा कि बख़ुदा मेरा गुमान यह है कि तुमने यह खाना दुश्मन के लिए रख छोड़ा है। यह न समझो कि तुम लोग जीत जाओगे और फिर खा लोगे बल्कि मुझे लगता है यह खाना तो तुम्हारा दुश्मन ही खाएँगे यानी मुस्लमान ही खाएँगे जबकि तुम समझ नहीं रखते। तो फिर उसने लोगों को कहा मेरी बात मानो तो यह है कि खाने में ज़हर मिला दो। अगर तुम्हारी फ़तह हुई तो यह नुक़्सान बहुत कम है खाना ज़ाए होने का और अगर फ़तह दुश्मन की हुई तो तुम कोई ऐसा काम कर चुके होगे जिससे दुश्मन ज़हरीला खाना खाने की वजह से मुसीबत में मुबतला होगा। परन्तु वे लोग जो थे उनको तो अपनी फ़तह का पुख़्ता यक़ीन था। इन लोगों ने कहा कि नहीं इसकी, ज़हर मिलाने की ज़रूरत नहीं है। हम आराम से जंग जीतेंगे और फिर खाना खाएँगे। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हुने अपनी फ़ौज की सफ़-आराई इस तरह की जैसा कि इससे पहले की लड़ाईयों में कर चुके थे। शदीद तरीन लड़ाई होने लगी। ईरानियों को बहमन जाज़विया के आने की आशा थी इसलिए ख़ूब जम कर बड़ी शिद्दत से लड़े क्योंकि जाबान उनको उम्मीद दिला रहा था कि वे एक बड़ा लश्कर लेकर चल पड़ा है और अभी पहुंचने ही वाला है जबकि असल हक़ीक़त यह थी कि बहमन को तो ईरानी बादशाह के बीमार होने की वजह से न तो बादशाह से सूरत-ए-हाल ज़िक्र करने का अवसर मिला और न ही वे ख़ुद लश्कर लेकर आ सकता था बल्कि उसका जाबान से किसी किस्म का सम्पर्क भी न रहा था। बहरहाल इस जंग में मुस्लमान भी उनके ख़िलाफ़ ख़ूब जोश और ग़ज़ब में आए बड़ी सख़्त जंग हुई।

(अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 313 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.)

ईरानी फ़ौज के जोश-ओ-जज़बा और मुस्लमानों की कमज़ोर पड़ती हालत का वर्णन करते हुए एक सीरत निगार लिखता है कि ईरानी लश्कर में से पहले ईसाईयों ने हमला किया लेकिन उनका सरदार मालिक बिन क़ैस मारा गया। इस का मारा जाना था कि उनकी हुआ उखड़ गई और वे बद-दिल हो गए।

यह देखकर जाबान ने ईरानी फ़ौज को आगे झोंक दिया। ईरानी इस उम्मीद पर कि अभी बहमन नई मदद लेकर आया चाहता है ख़ूब दिलेरी से लड़े। मुस्लमानों ने बार-बार हमले किए लेकिन हर बार ईरानियों ने कमाल बहादुरी और मुस्तक़िल मिज़ाजी से हमले को नाकाम बना दिया। अंततः हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु ने माद्दी अस्बाब और ज़राए को नाकाफ़ी होता देखकर बड़ी आजिज़ी से हाथ उठा कर दुआ मांगी और अर्ज़ की कि हे अल्लाह! अगर तू मुझे दुश्मनों पर ग़लबा अता फ़रमाएगा तो मैं किसी एक दुश्मन को भी ज़िंदा नहीं छोड़ूँगा और यह दरिया उनके ख़ून से सुर्ख़ हो जाएगा। कुछ कुतुब में है कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने क़सम खाई थी या नज़र मानी थी कि अगर इस जंग में फ़तह हो गई तो किसी भी दुश्मन जंगजू को ज़िंदा नहीं छोड़ूँगा। बहरहाल इसके बाद हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हुने जंगी चाल चलते हुए फ़ौज को दाएं और बाएं जानिब से ईरानी लश्कर के अक़ब पर हमला करने का हुक्म दिया। इस हमले से ईरानी लश्कर तित्र बित्तर हो गया और उसे भागने या हथियार डालने में ही आफ़ियत नज़र आई। हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने हुक्म दिया कि दुश्मन को पकड़ कर क़ैदी बना लो और मुक़ाबला करने वालों के सिवा किसी को क़तल न करो। सिर्फ उनको क़तल करना जो मुक़ाबला करते हैं।(सीरत सय्यदना सिद्दीक़ अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 671-672 منسوب به استاذ عمر ابو النصر, अनुवादक)(तारीख़ तबरी उर्दू, भाग 2 पृष्ठ 564 दारुल इशात)

इस बारे में रिसर्चसेल का एक नोट है और मैंने भी देखा है। यही बात सही लगती है। इस की वज़ाहत करते हुए तारीख़ तिबरी समेत अक्सर सीरत निगारों और इतिहासकारों ने वर्णन किया है कि हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी इस दुआ में जो अह्द किया था उसके मुताबिक़ एक दिन और एक रात इन क़ैदियों को क़तल करके नहर में डाला गया ताकि उसका पानी ख़ून से सुर्ख़ हो जाए यानी उन्होंने न केवल जंग करने वालों से जंग लड़ी बल्कि क़ैदियों को भी क़तल कर दिया और इस वजह से यह नहर आज तक नहर अल्दिमा अर्थात ख़ून की नहर के नाम से प्रसिद्ध है।

(तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2, पृष्ठ 314 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.)

लेकिन बहरहाल यह हक़ीक़त नहीं लगती कि क़ैदियों को क़तल करके फिर नहर में ख़ून फेंका गया हो और जीवनी लेखकों ने इस में कुछ बढ़ोतरी से काम लिया है या संभव है कि वह ज़हन जो इस्लामी जंगों में जान-बूझ कर ज़ुलम-ओ-बरबरीयत की झूठी कहानियां शामिल करने का बीड़ा उठाए हुए थे उन्होंने जहां अवसर मिला अपनी तरफ़ से ऐसे वाक़ियात को शामिल कर दिया था।

तारीख़ निगारों में कुछ दुश्मन भी थे तो ऐसे दुश्मनी रखने वाले या कीना रखने

